कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/एफ–5/755/2014/10–11/2346 भोपाल, दिनांक 23/07/2020

प्रेषक :–

सुनील अग्रवाल, (भा.व.से.)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) एवं
नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
मध्यप्रदेश, भोपाल।

प्रति,

उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय),
भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र, केन्द्रीय पर्यावरण भवन
लिंक रोड़ नं. 3, ई–5, रविशंकर नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल।

विषयः– **Diversion of 19.653 ha (out of 31.679) Reserved, Protected & Revenue Forest land for construction of Betul-Sarni-Tikadhan-Junnardev-Parasia Road State Highway No. 43 in favour of Chief Engineer, (BOT) MP Road Development Corporation in Chhindwara District of MP.**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक/6-MPC 008/2015-BHO/374 दिनांक 28.04.2015

----0----

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने विषयांकित प्रकरण की प्रथम चरण सशर्त सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई थी। आपके द्वारा स्वीकृति पत्र में उल्लेखित शर्त क्रमांक 3(b), 4, 5 एवं 6 का पालन प्रतिवेदन चाहा गया है, जो निम्नानुसार हैः–

1. शर्त क्रमांक 3(b) के पालन में व्यपवर्तित वन भूमि के बदले छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम भरदागढ़ के खसरा क्रमांक 374 में से रकबा 26.817 हेक्टेयर, ग्राम बाथरी खसरा क्रमांक 209/1 में से रकबा 20.00 हेक्टेयर ग्राम कांगला खसरा क्रमांक 176, 178, 128, 124/1 में से रकबा 16.541 हेक्टेयर कुल 63.358 हेक्टेयर गैर वन भूमि वन विभाग के नाम हस्तांतरित नामान्तरित कर दी गई है। कलेक्टर आदेश एवं फार्म पी–2 की छायाप्रति संलग्न है।

2. शर्त क्रमांक 4 के पालन में छोटे–बड़े झाड़ की भूमि पर तैयार वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की लागत राशि आवेदक संस्थान द्वारा रूपये 4,67,12,826/– एवं 11,34,864/– कुल 4,78,47,690/– यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के खाते में दिनांक 12.05.2015 एवं 21.10.2015 द्वारा जमा की जा चुकी है। जिसका क्रमशः UTR No. UTIBH 15132077519 एवं UTIBH 15294025936 है।

3. शर्त क्रमांक 5 के पालन में आवेदक संस्थान द्वारा एन.पी.व्ही. की राशि रूपये 2,54,38,237/– यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के खाते में दिनांक 12.05.2015 से जमा की जा चुकी है, जिसका UTR No. UTIBH 15132077569 है।

शर्त क्रमांक 5(b) के पालन में आवेदक संस्थान द्वारा वचन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

4. शर्त क्रमांक 6 के पालन में प्रकरण में प्राप्त वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना एवं नेट प्रजेंट वैल्यू की राशि एड–हॉक कैम्पा के अन्तर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के खाते में जमा की जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त प्रथम चरण स्वीकृति में अधिरोपित शेष समस्त शर्तों का वचन पत्र संलग्न प्रेषित है।

अतः उपरोक्तानुसार प्रथम चरण सैद्धांतिक स्वीकृति में उल्लेखित समस्त शर्तों का पालन पूर्ण हो गया है। कृपया प्रकरण की अंतिम औपचारिक स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

23/7/2020
(सुनील अग्रवाल)

पृ0 क्रमांक / एफ–5 / 755 / 2014 / 10–11 / 2347 भोपाल, दिनांक 23/07/2020

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक छिन्दवाड़ा वृत्त छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश।
2. वन मण्डलाधिकारी (सामान्य) वन मण्डल, पश्चिम छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश।
3. मुख्य अभियंता (बी.ओ.टी.) मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन 45–ए अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

23/7/2020
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल